# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## SAMPLE PAPER

**PERIODIC TEST – I SESSION 2024 – 25**

**CLASS – IX**

**TIME : 2 HRS** **SUBJECT : HINDI** **M.M:40**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

- **इस प्रश्नपत्र में 4 खंड हैं ।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**

**खंड – क (पठन)**

**(1) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–** **(5x1=5)**

मेरा मन कभी-कभी बैठ जाता है। समाचार पत्रों में ठगी, डकैती, चोरी और भ्रष्टाचार के समाचार भरे रहते हैं। ऐसा लगता है कि देश में कोई ईमानदार आदमी रह ही नहीं गया है। हर व्यक्ति संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है। इस समय सुखी वही है, जो कुछ नहीं करता; जो भी कुछ करेगा, उसमें लोग दोष खोजने लगेंगे। उसके सारे गुण भुला दिए जाएँगे और दोषों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाने लगेगा। दोष किसमें नहीं होते? यही कारण है कि हर आदमी दोषी अधिक दिख रहा है, गुणी कम या बिल्कुल ही नहीं। यह चिन्ता का विषय है। तिलक और गाँधी के सपनों का भारतवर्ष क्या यही है? विवेकानन्द और रामतीर्थ का आध्यात्मिक ऊँचाई वाला भारतवर्ष कहाँ है? रवीन्द्रनाथ ठाकुर और मदनमोहन मालवीय का महान, सुसंस्कृत और सभ्य भारतवर्ष पतन के किस गहन गर्त में जा गिरा है? आर्य और द्रविड़, हिन्दू और मुसलमान, यूरोपीय और भारतीय आदर्शों की मिलनभूमि 'महामानव समुद्र क्या सूख ही गया है?" यह सही है कि इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ और फरेब का रोज़गार करने वाले फल-फूल रहे हैं। ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है, सच्चाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है। ऐसी स्थिति में जीवन के मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था ही हिलने लगी है, किन्तु ऐसी दशा से हमारा उद्धार जीवन मूल्यों में आस्था रखने से ही होगा। ऐसी स्थिति में हताश हो जाना ठीक नहीं है।

(क) 'मेरा मन कभी-कभी बैठ जाता है वाक्य का आशय है

(i) लेखक के मन में पछतावा होता है। (ii) लेखक को अपराध भाव की अनुभूति होती है

(iii) लेखक का मन दु:खी हो जाता है। (iv) लेखक का हृदय देश की दुर्दशा से चिंतित हो उठता है

(ख) कौन-सी स्थिति चिंता का विषय है?

(i) व्यक्ति के गुणों की उपेक्षा और दोषों पर अधिक ध्यान (ii) व्यक्ति की ईमानदारी की उपेक्षा

(iii) व्यक्ति का कर्मशीलता के प्रति उपेक्षा का भाव (iv) निठल्ले लोगों की सुखमयता

(ग) महामानव समुद्र क्या सूख ही गया है' का अभिप्राय है

(i) विशाल सागर जलहीन हो गया (ii) आदर्शों का समन्वय और सद्भाव लुप्त हो गया

(iii) समुद्र का विस्तार सीमित हो गया (iv) भारत का जलनिधि रत्नहीन हो गया।

(घ) इस उथल-पुथल में देशवासियों के लिए संदेश है।

(i) ईमानदारी और मेहनत से जीविका चलाना (ii) जीवन मूल्यों में आस्था रखना

(iii) झूठ और फरेब से नफरत करना (iv) देश की समृद्धि के लिए कार्य करना

(ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है –

(i) समाज में व्याप्त अनैतिकता (ii) जीवन मूल्यों में आस्था

(iii) महान महर्षियों का देश भारत (iv) निराशाजनक स्थिति और हमारा देश

**खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)**

**(2) शब्द व पद से संबंधी बहुविकल्पी प्रश्न :–** **(2x1=2)**

(क) वर्णों की सार्थक इकाई क्या कहलाती है ?

(i) पद (ii) वाक्य (iii) शब्द (iv) पदबंध

(ख) लड़का बाग में टहल रहा है –में रेखांकित शब्द क्या है ?

(i) पद (ii) वाक्य (iii) शब्द (iv) पदबंध

**(3) निम्नलिखित में से विकल्प छाँट कर प्रश्नों के उत्तर दें :–** **(3x1=3)**

(क) निर्वाह में उपसर्ग और मूल शब्द है-

(i) निरव + आह (ii) निर् + वाह (iii) नि + रवाह

(ख) परिचय में उपसर्ग है –

(i) चय (ii) परिच (iii) परि

(ग) इक प्रत्यय से बना शब्द कौन सा है ?
(i) रंगीम (ii) मुस्कराहट (iii) मार्मिक (iv) सारे ठीक

**(4)** (क) अनुनासिक युक्त शब्द चुने :- **(2x1=2)**
(i) चाँद (ii) कंठ (iii) मंद (iv) सभी ठीक हैं
(ख) अनुस्वार युक्त सही शब्द चुने
(i) गाँव (ii) साँस (iii) अंत (iv) इनमें से कोई नहीं

## खंड- ग (पाठ्यपुस्तक)

**(5) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्पों का चयन कीजिए :- (3x1=3)**

अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी ।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग-अँग बास समानी ।
प्रभु तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा ।
प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती ।
प्रभु जी, तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सुहागा ।
प्रभु जी, तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करै रैदासा ।।

(क) कवि को कौन सी रट लग गई है ?
(ख) कवि की भक्ति का स्वरूप क्या है ?
(ग) सोने में क्या मिलाने से उसकी चमक बढ़ जाती है ?

**(6) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दें :- (3x1=3)**

पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर पता लगा उसका तेईस बरस का जवान लड़का था। घर में उसकी बहू और पोता-पोती हैं। लड़का शहर के पास डेढ़ बीघा भर जमीन में कछियारी करके परिवार का निर्वाह करता था। खरबूजों की डलिया बाज़ार में पहुँचाकर कभी लड़का स्वयं सौदे के पास बैठ जाता, कभी माँ बैठ जाती । लड़का परसों सुबह मुँह अँधेरे बेलों में से पके खरबूजे चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक सौंप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डँस लिया।
लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई । झाड़ना फूँकना हुआ। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए।

(क) लड़के की उम्र कितनी थी ?
(ख) लड़का परिवार का निर्वाह कैसे करता था ?
(ग) लड़का कहाँ विश्राम कर रहा था ?

**(7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखें :- (4x2=8)**

(क) सोने में क्या मिलाने से वह और निखरता है ?
(ख) नजदीक से एवरेस्ट को देखकर कैसा लगा ?
(ग) बुढ़िया को देखकर लेखक को संभ्रात महिला की याद क्यों आई ?
(घ) रैदास के पदों का मूलभाव लिखिए।

**(8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :- (2x2=4)**

(क) महादेवी वर्मा ने गिल्लू को कैसे बचाया ?
(ख) महादेवी वर्मा पीली कली को देखकर खुश क्यों हुई ?

## खंड- घ (लेखन)

**(9) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए- (5)**

(क) व्यक्ति को व्यक्ति से दूर करता – इंटरनेट
संकेत बिन्दु – कैसे, दुष्प्रभाव, निष्कर्ष
(ख) गाँव में बिताया एक दिन
संकेत बिन्दु – कब, कहाँ, अनुभव, विशेष बात
(ग) ट्रैफिक जाम की समस्या
संकेत बिन्दु – ट्रैफिक की समस्या का आधार, लोगों की जल्दबाजी, व्यवस्था की कमी, सुधार के उपाय ।

**(10) (क)** अपने मित्र को स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की प्रेरणा देते हुए पत्र लिखिए। **(5)**

**अथवा**

**(ख)** आपकी सखी की माताजी की अचानक मृत्यु की सूचना मिली है। इस विषय में उसको सांत्वना पत्र लिखिए।